भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 2042
दिनांक 10 मार्च, 2026 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी**)** में स्वास्थ्य देखभाल क्षेत्र का योगदान

2042 श्री संदोष कुमार पी**:**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) गत वित्तीय वर्ष में हमारे सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में स्वास्थ्य देखभाल क्षेत्र का योगदान कितना था;
(ख) वर्ष 2020 से जीडीपी में स्वास्थ्य देखभाल क्षेत्र के योगदान के रुझान क्या रहे हैं;
(ग) कुल जीडीपी में निजी स्वास्थ्य देखभाल क्षेत्र का योगदान कितना है और इस अवधि के दौरान के इसके रुझान क्या रहे हैं; और
(घ) वर्ष 2020 से स्वास्थ्य देखभाल क्षेत्र में कार्यरत निजी और सार्वजनिक दोनों फर्मों में काम करने वाले कर्मचारियों की कुल संख्या कितनी है?

उत्तर
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्रीमती अनुप्रिया पटेल**)**

(क) से (ग): नवीनतम उपलब्ध राष्ट्रीय स्वास्थ्य खाते (एनएचए) अनुमान 2021-22 के अनुसार, सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के अंश के रुप में कुल स्वास्थ्य व्यय (टीएचई) 3.8% है। जीडीपी के अंश के रुप में कुल स्वास्थ्य व्यय (टीएचई) 2019-20 में 3.3% से बढ़कर 2021-22 में 3.8% हो गया है। वित्त वर्ष 2019-20 से 2021-22 के लिए जीडीपी के अंश के रुप में टीएचई, सरकारी स्वास्थ्य व्यय (जीएचई) और सरकारी संस्थाओं को छोड़कर अन्य संस्थाओं के व्यय का रुझान नीचे दिया गया है:

वर्ष	**सकल घरेलू उत्पाद का कुल स्वास्थ्य व्यय% (क)**	**सकल घरेलू उत्पाद का सरकारी स्वास्थ्य व्यय% (ख)**	**सकल घरेलू उत्पाद का सरकारी संस्थाओं के अलावा अन्य संस्थाओं का व्यय % (क-ख)**
2019-20	3.3	1.4	1.9
2020-21	3.7	1.6	2.1
2021-22	3.8	1.8	2.0

(घ): स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग में स्वास्थ्य परिचर्या क्षेत्र में कार्यरत निजी फर्मों में कार्य करने वाले कर्मचारियों की संख्या से संबंधित आंकड़े नहीं रखे जाते हैं। तथापि, सरकारी स्वास्थ्य सुविधा केंद्रों में कार्यरत स्वास्थ्य परिचर्या पेशेवरों का विवरण स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की वेबसाइट पर निम्नलिखित यूनिफॉर्म रिसोर्स लोकेटर (यूआरएल) पर उपलब्ध है:

https://mohfw.gov.in/sites/default/files/Health%20Dynamics%20of%20India%20%28Infrastructure%20%26%20Human%20Resources%29%202022-23_RE%20%281%29.pdf

***